# टूलकिट

शिक्षा के लिए विकलांगता
मानक



# अपनी संतान का पक्ष समर्थन करना: प्रारंभिक वर्ष

यह टूलकिट विकलांगता ग्रस्त छोटे बच्चों के माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए है। यह विवरण देती है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और देखभाल (ईसीईसी) (Early childhood education and care) (ECEC) सेवाओं में आपकी संतान के क्या अधिकार हैं और आप ECEC में अपनी संतान का पक्षसमर्थन कैसे कर सकते/ती हैं।

यह संसाधन ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता ग्रस्त बच्चों और युवा लोगों (सीवाईडीऐ) (Children and Young People with Disability Australia) (CYDA) की मदद से, विकलांगता ग्रस्त बच्चों के माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा डिज़ाइन किया गया था।

## इस संसाधन के बारे में

इस संसाधन को ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता ग्रस्त बच्चों और युवा लोगों (सीवाईडीऐ) (Children and Young People with Disability Australia) (CYDA) की मदद से, विकलांगता ग्रस्त बच्चों के माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा डिज़ाइन किया गया था।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार पूरे ऑस्ट्रेलिया में देश के पारंपरिक मालिकों और संरक्षकों को मान देती है। हम भूमि, जल और समुदाय से उनके निरंतर संबंध को मान देते हैं। हम उनके और उनके बुजुर्गों के अतीत और वर्तमान के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं। हम एबोरिजनल (आदिवासी) और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों की निरंतर सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और शैक्षिक प्रथाओं के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं।

## भाषा के संबंध में टिप्पणी

यह संसाधन व्यक्ति-प्रथम भाषा का उपयोग करता है (उदाहरण के लिए, 'विकलांगता ग्रस्त बच्चा/बच्ची')। लेकिन यह दृष्टिकोण हर किसी के लिए ठीक नहीं है, और कई लोग पहचान-प्रथम भाषा (उदाहरण के लिए, 'विकलांग बच्चा') का उपयोग करना पसंद करते हैं।

यह प्रत्येक व्यक्ति पर निर्भर है कि वह अपनी पहचान कैसे चुनता है। हम आपको लोगों से उनकी पसंद पूछने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम इन सभी परिभाषाओं के पीछे के गहरे इतिहास को भी मान देते हैं।

लोग 'उचित समायोजन', 'समायोजन' या ' समंजन' का उपयोग एक ही बात के मतलब के लिए करते हैं। हम इस संसाधन में इन वाक्यांशों का प्रयोग एक दूसरे के स्थान पर करते हैं। *विकलांगता भेदभाव अधिनियम 1992 (Disability Discrimination Act 1992)* में 'उचित समायोजन' का उपयोग किया जाता है।

यह संसाधन माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए है। 'आपकी संतान' से हमारा तात्पर्य किसी भी उस बच्चे/बच्ची से है जिसके लिए आप जिम्मेदार हैं।

## अतिरिक्त संसाधन

यह संसाधनों के समूह का एक भाग है। आप उन्हें शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर या QR कोड को स्कैन करके प्राप्त कर सकते/ती हैं।

यह संसाधन ईज़ी रीड,ऑस्लान और कई अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध है। आप इन संस्करणों को ऑस्ट्रेलिया की शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर या QR कोड को स्कैन करके प्राप्त कर सकते/ती हैं।

QR कोड को स्कैन करें

*विषय-वस्तु नोट: इस टूलकिट में बहिष्करण के उदाहरण हैं। सहायता के लिए आप लाइफलाइन को* ***13 11 14*** *पर कॉल कर सकते/ती हैं या* ***0477 13 11 14*** *पर टेक्स्ट कर सकते/ती हैं।*

# यह टूलकिट किसके लिए है

यदि आपका कोई छोटा बच्चा विकलांग है तो यह टूलकिट आपके लिए है। आप उसके माता-पिता या देखभालकर्ता हो सकते हैं।

# यह टूलकिट किस लिए है

यह टूलकिट प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और देखभाल(ईसीईसी) (Early childhood education and care)(ECEC) सेवाओं में आपकी संतान का पक्ष समर्थन करने में आपकी मदद के लिए है। इसका मतलब ECEC सेवाओं से बातचीत करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे आपकी संतान को वह शिक्षा और देखभाल प्रदान करें जिसका उसे अधिकार है।

अपनी संतान के पक्ष समर्थन का अर्थ है उसके लिए बोलना।

ECEC सेवाओं में लांग डे केयर सेंटर, पारिवारिक डे केयर सेवाएँ, प्रीस्कूल और किंडरगार्टन शामिल हैं।

ECEC में विकलांग बच्चों के अधिकार ऑस्ट्रेलियाई कानून के तहत कानूनी अधिकार हैं।

विद्यालय पश्चात देखभाल सेवाओं का उपयोग करने वाले परिवारों को भी यह संसाधन उपयोगी लग सकता है।

# इस टूलकिट में क्या शामिल है

यह टूलकिट:

- आपको अपनी संतान के पक्ष समर्थन में मदद के लिए जानकारी और सुझाव प्रदान करती है
- आपको ECEC सेवाओं से बातचीत में उपयोग के लिए कीवर्ड (मुख्य शब्द) और सुझाव देती है
- इस बारे में विवरण देती है कि कैसे ECEC सेवाएँ आपकी संतान को शामिल होने और सीखने में सहायता कर सकती हैं।

इसमें शामिल हैं:


- ऑस्ट्रेलियाई विकलांगता भेदभाव कानून (पृ.2)
- आपकी संतान के लिए इन कानूनों का क्या अर्थ है (पृ.4)
- अधिकार एवं उत्तरदायित्व (पृ.4)
- ECEC सेवाएँ चुनते समय पूछने योग्य प्रश्न (पृ.6)
- और अधिक जानकारी और समर्थन (पृ.7)

# ऑस्ट्रेलियाई विकलांगता भेदभाव कानून

ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता ग्रस्त सभी बच्चे *विकलांगता भेदभाव अधिनियम 1992 (डीडीए) (Disability Discrimination Act 1992) (DDA)* द्वारा संरक्षित हैं।

जब आपकी संतान किसी ECEC सेवा में जाती है तो वह DDA द्वारा कवर्ड होती है।
इसमें लांग डे केयर सेंटर, पारिवारिक डे केयर सेवाएं, किंडरगार्टन और प्रीस्कूल शामिल हैं।

### परिभाषा:विकलांगता भेदभाव अधिनियम 1992

DDA ऐसा कानून है जो ऑस्ट्रेलिया में सभी पर लागू होता है। यह लोगों को उनकी विकलांगता के कारण होने वाले भेदभाव से बचाता है। इसका मतलब यह है कि यदि वे विकलांग न होते तो जैसा व्यवहार उनसे तब होता उससे बुरा व्यवहार उनके साथ अभी नहीं किया जा सकता है।

किंडरगार्टन और प्रीस्कूल भी शिक्षा के लिए *विकलांगता मानक 2005 (डीएसई) (Disability Standards for Education 2005) (DSE)* के अंतर्गत आते हैं। DSE यह निर्धारित करता है कि विकलांगता वाले बच्चों की मदद के लिए इन सेवाओं को क्या करने की आवश्यकता है। वर्तमान में, DSE बच्चों की देखभाल को कवर नहीं करता है लेकिन ऑस्ट्रेलियाई सरकार इस बात की जांच कर रही है कि इसे कैसे बदला जाए।

### परिभाषा: शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005

DSE, के अंतर्गत आने वाले उन कानूनों का संग्रह है जो DDA के अंतर्गत आते हैं। वे शिक्षा प्रदाताओं के दायित्वों को स्पष्ट करते हैं।

DSE यह बताता है कि विकलांगता ग्रस्त छात्रों के क्या अधिकार हैं और शिक्षा प्रदाताओं को उनकी सहायता और सुरक्षा के लिए क्या करने की आवश्यकता है।

DDA और DSE के तहत, विकलांगता ग्रस्त बच्चों को निम्न अधिकार हैं:

- अपने साथियों के समान ही शिक्षा और देखभाल सेवाओं को प्राप्त करने का
- उचित समायोजन प्राप्त करने का
- उत्पीड़न और जुल्म से सुरक्षित रहने का। (और अधिक जानकारी के लिए हमारे शिक्षा के लिए विकलांगता मानकों की व्याख्या संसाधन में दुर्व्यवहार को रोकने के बारे में देखें)।

### परिभाषा: उचित समायोजन

समायोजन एक परिवर्तन या समंजन है। यह एक ऐसी कार्रवाई है जो विकलांगता ग्रस्त बच्चे को अपने साथियों के समान ECEC सेवाओं में भाग लेने में मदद करती है। समायोजन से विकलांगता ग्रस्त बच्चे को विकलांगता रहित बच्चों के समान ही भाग लेने में मदद मिलती है।

समायोजन लोगों के साथ, सामग्री के साथ या काम करने के तरीके में बदलाव में हो सकता है।

यदि कोई परिवर्तन उचित है, तो ECEC सेवाओं को आम तौर पर इसे करना होगा। उन्हें ऐसा कोई बदलाव करने की ज़रूरत नहीं है जो उनके लिए अनुचित कठिनाई पैदा करे।

### परिभाषा: अनुचित कठिनाई

अनुचित कठिनाई ऐसा समायोजन है जो सेवा के लिए करना बहुत कठिन होगा। उदाहरण के लिए, समायोजन बहुत महंगा हो सकता है।

समायोजन से होने वाली अनुचित कठिनाई को दर्शाना सेवा पर निर्भर है। देखभालकर्ताओं और परिवारों को कुछ भी दर्शाने की ज़रूरत नहीं है।

इस अपवाद का प्रयोग करने या न करने का निर्णय लेते समय स्थिति के प्रत्येक भाग पर विचार किया जाना चाहिए।

इसमें निम्न शामिल है:

- इसमें शामिल सभी लोगों पर परिवर्तन का सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव (उदाहरण के लिए, आपकी संतान, सेवा, शिक्षक, या अन्य बच्चों पर प्रभाव)
- आपकी संतान पर विकलांगता का प्रभाव
- सेवा की वित्तीय स्थिति (उदाहरण के लिए, यदि सेवा को वित्तीय सहायता या अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध है - या समायोजन करने की अनुमानित लागत)।

आप और अधिक जानकारी हमारे शिक्षा के लिए विकलांगता मानकों की व्याख्या संसाधन से प्राप्त कर सकते/ती हैं।

# आपकी संतान के लिए इन कानूनों का क्या अर्थ है?

आपके विकलांग ग्रस्त बच्चे के पास विकलांगता रहित बच्चों के समान निम्न अधिकार हैं:

- ECEC सेवाओं में नामांकन का
- अपने साथियों के समान शामिल होने और सीखने का।

उनके पास समान (या बहुत समान) विकल्प और अवसर होने चाहिए।

# अधिकार एवं उत्तरदायित्व

### *क्या मेरी संतान को DDA या DSE में आवेदन के लिए किसी निदान की आवश्यकता है?*

आपकी संतान को DDA या DSE में आवेदन के लिए किसी निदान की आवश्यकता नहीं है।
यदि कोई बच्चा विकलांगता के साथ जी रहा है, तो DDA और DSE का उपयोग किया जा सकता है।

यदि आपके बच्चे को विकलांगता है, तो ECEC सेवा को उनकी सहायता के लिए उचित समायोजन करने की आवश्यकता हो सकती है। हो सकता है कि इससे सहमत होने के लिए उन्हें निदान के प्रमाण की आवश्यकता न हो, लेकिन आपके स्वास्थ्य पेशेवर द्वारा पत्र (या इसके समान कुछ) प्रदान करने से उन्हें मदद मिल है। यह सेवा को इस बारे में जानने में मदद कर सकता है कि आपकी संतान को किस तरह के समायोजन की आवश्यकता है।

### *क्या किसी सेवा के पास मेरी संतान को मना करने का अधिकार है?*

ECEC सेवाओं को आम तौर पर आपकी संतान को उनकी विकलांगता के कारण मना करने की अनुमति नहीं है।
विकलांगता ग्रस्त बच्चों को अपने साथियों के समान ही निम्न अधिकार हैं:

- ECEC सेवाओं में नामांकन का
- ECEC सेवाओं में भाग लेने का।

ECEC सेवाएं इस बात पर कोई अंकुश नहीं लगा सकती हैं कि वे कितने विकलांग बच्चों को स्वीकार करते हैं। आम तौर पर, वे फंडिंग की कमी का कारण बताते हुए नामांकन से इनकार नहीं कर सकती हैं। यदि सेवा वर्तमान में आपकी संतान के समर्थन के लिए स्थापित नहीं है, तो उन्हें परिवर्तन करने की आवश्यकता होगी जब तक वे यह साबित नहीं कर पाते कि कोई अपवाद लागू होता है। (अनुचित कठिनाई देखें (पृ.3))

*क्या मैं उचित समायोजन के लिए पूछ सकता/ सकती हूँ ?*

हाँ! ECEC सेवा को आपकी संतान के लिए उचित समायोजन करना चाहिए। उन्हें आपकी संतान को शामिल होने के लिए समर्थन देना चाहिए। आप अपनी संतान के लिए सबसे अच्छा समर्थन देने वाले समायोजन ढूंढने के लिए सेवा के साथ काम कर सकते/ती हैं।

उदाहरण:

कोई बच्चा प्रैग्मैटिक आर्गेनाईजेशन डायनामिक डिस्प्ले (पीओडीडी) पुस्तक का उपयोग करके बातचीत करता है। उनके शिक्षक इसका उपयोग करने के लिए उन्हें समर्थन देने के बारे में सीखते हैं। इससे बच्चे को अपनी ज़रूरतें और वे क्या सोच रहे हैं, यह बताने में मदद मिलती है।

'शामिल होना' वास्तविक और अर्थपूर्ण होना चाहिए। आपकी संतान को कार्यक्रम या गतिविधि के प्रत्येक भाग में शामिल किया जाना चाहिए।

उदाहरण:

कोई बच्चा अपने साथियों के साथ एक ही कमरे में बैठा है, दूसरों को ब्लॉक के साथ खेलते हुए देख रहा है। यह गतिविधि ऐसी बनाई गई है जो बच्चे को भी खेलने से रोकती है। इसे शामिल होने के रूप में नहीं गिना जाता है।

*क्या मैं सेवा से अपनी संतान के खाने और शौचालय सहित स्व-देखभाल कार्यों में सहायता करने के लिए कह सकता/ सकती हूँ?*

हाँ! यह उचित समायोजन का एक रूप है।

कोई सेवा कुछ प्रकार के कार्यों को 'चिकित्सा सहायता' कह सकती है - उदाहरण के लिए, फीडिंग ट्यूब या श्वास उपकरण का प्रयोग करना। सेवाओं से यह पूछना अनुचित नहीं है कि क्या वे ये सहायता प्रदान करने में सक्षम हैं। यदि सेवा ऐसा नहीं कर सकती है, तो उन्हें इसका कारण बताने की आवश्यकता है।

## और अधिक जानकारी प्राप्त करें

DDA के तहत विकलांग बच्चों की सुरक्षा कैसे की जाती है, या यदि कोई सेवा उनके दायित्वों को पूरा नहीं कर रही है तो क्या करना है, इसके बारे में और अधिक जानने के लिए ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग की DDA गाइड देखें।

# ECEC सेवाएँ चुनते समय पूछने योग्य प्रश्न

यह पता लगाना मुश्किल हो सकता है कि आपकी संतान के लिए कौन सी सेवा सबसे अच्छा काम करेगी।

प्रत्येक सेवा - और स्वयं से पूछने के लिए प्रश्नों की सूची इस बारे में मदद कर सकती है।

उदाहरण के लिए:

- विविधता, विभिन्नता और विकलांगता के प्रति सेवा का रवैया क्या है?
- वे मेरी संतान का समर्थन कैसे करेंगे?
- वे मेरे परिवार का समर्थन कैसे करेंगे?
- उनकी मान्यताएँ और विचारधाराएँ क्या हैं? सभी सेवाओं में इसका वर्णन उनके 'स्टेटमेंट ऑफ़ फिलॉसफी' में होगा।
- कर्मचारी अपने काम में इन मान्यताओं का पालन कैसे करते हैं?
- वे मेरी संतान को जानने के लिए, उसके बारे में जानकारी और समर्थन के लिए मेरे साथ कैसे काम करेंगे?
- वे उचित समायोजन कैसे व्यवस्थित करते हैं (यदि आवश्यक हो)?
- अन्य प्रश्न:

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

उत्तर पाने के लिए, आप सेवा के कर्मचारियों से मिल सकते/ती हैं। आप ऑनलाइन भी देख सकते/ती हैं - उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया या सेवा की वेबसाइट पर। आप अन्य माता-पिता और देखभालकर्ताओं से भी पूछ सकते/ती हैं।

इससे यह सोचने में मदद मिल सकती है कि प्रत्येक प्रश्न का आपका आदर्श उत्तर क्या होगा। यह आपको उस प्रकार की सेवा की स्पष्ट जानकारी देगा जिसकी आप तलाश कर रहे/ही हैं।

## और अधिक जानकारी और समर्थन

- शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005 (https://www.legislation.gov.au/Details/F2005L00767)
- विकलांगता भेदभाव अधिनियम 1992 (https://www.legislation.gov.au/Details/C2018C00125)
- विकलांगता ऑस्ट्रेलिया केंद्र (Disability Australia Hub) (https://www.disabilityaustraliahub.com.au/) – विकलांगता संगठनों की सूची
- विकलांगता गेटवे (https://disabilitygateway.gov.au/education/early-childhood)– प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा संबंधी सेवाओं, अधिवक्ताओं और जानकारी के लिए लिंक
- ऑस्ट्रेलियाई सरकारी शिक्षा विभाग (Australian Government Department of Education) (https://www.education.gov.au/early-childhood)
- माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए ECEC (https://www.startingblocks.gov.au)
- बच्चों के नेटवर्क को बढ़ाना (https://www.raisingchildren.net.au) – पालन-पोषण/देखभाल संबंधी जानकारी और संसाधन



www.education.gov.au/disability-standards-education-2005